संख्या-537 /2018/339/69-1-18-18(मु0अ0-37)/2018

प्रेषक,

अनिल कुमार बाजपेयी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0, लखनऊ।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी
उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।

लखनऊ : दिनांक : 25 अक्टूबर, 2018

**विषय** **वित्तीय वर्ष 2018-19 में अनुदान संख्या-37 में मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत जनपद-बुलन्दशहर की 56 परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-253/2018/339/69-1-18-18(मु0अ0-37)/2018 दिनांक 31.03.2018 को निरस्त करते हुये आपके पत्र संख्या-4393/19/10/छ:/विविध/2017-18, दिनांक 07 फरवरी, 2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **"मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत"** वित्तीय वर्ष 2018-19 में अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत जनपद-बुलन्दशहर की नगर पालिका परिषद, बुलन्दशहर, सिकन्दराबाद, शिकारपुर, खुरजा, अनूप शहर, गुलावठी, स्याना व जहांगीराबाद तथा न0पं0, ककोड़, नरौरा, खानपुर, बी0बी0 नगर व औरंगाबाद की विभिन्न अल्पविकसित बस्तियों में इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य से सम्बन्धित अलग-अलग 56 परियोजनाओं हेतु कुल **रू0 872.15 लाख** की **प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति** सहित, उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अर्थात संलग्न तालिका के स्तम्भ-6 में अंकित धनराशि **रू0 436.075 लाख (रूपये चार करोड़ छत्तीस लाख सात हजार पांच सौ मात्र)** की, श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1. उक्त धनराशि का उपयोग प्रश्नगत योजना के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों विषयक शासनादेश संख्या-117/2017/1279/69-1-17-14(31)/2012टीसी, दिनांक 26 अक्टूबर, 2017 में दिये गये दिशा-निर्देश/व्यवस्था का पूर्णरूपेण अनुपालन करते हुए की जायेगी।
2. प्रश्नगत परियोजनाओं में प्रस्तावित कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रयोजना पर सक्षम स्तर/सूडा से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर/सूडा से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
3. उक्त धनराशि शासन द्वारा इस योजना के अन्तर्गत निर्धारित शर्तों/योजना के प्रतिबन्धों के अनुसार उपर्युक्तानुसार निहित मद में व्यय की जायेगी एवं स्वीकृत परियोजनान्तर्गत कार्य की विशिष्टियॉ, मानक व गुणवत्ता आदि को सुनिश्चित करते हुए कार्य क्रमश: इस प्रकार कराये जायेंगे कि वे उपलब्ध धनराशि से ही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जाये तथा उनका लाभ सम्बन्धित स्थानीय निवासियों को मिल सके।

क्रमशः.........2

4. उक्त धनराशि यथा समय सम्बन्धित डूडा (निर्माण इकाई) को उपलब्ध करा दी जायेगी। सम्ब (निर्माण इकाई) द्वारा प्रश्नगत परियोजना को जिला स्तरीय शासी निकाय से अनुमोदित कराने के ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

5. स्वीकृत धनराशि को व्यय करने से पूर्व सूडा/डूडा द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा परियोजना/आगणन का गठन वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-ई-8-1210-दस/2008 दिनांक 04.04.200 के अनुरूप किया गया है।

6. स्वीकृत की जा रही धनराशि के आहरण से पूर्व सूडा द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि शासनादेश संख्या-253/2018/339/69-1-18-18(मु0अ0-37)/2018 दिनांक 31.03.2018 द्वारा आवंटित धनराशि का आहरण कोषागार से नहीं किया गया है।

7. उक्त धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा। किसी प्रकार का व्यावर्तन अनुमन्य नहीं होगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।

8. स्वीकृत की जा रही धनराशि बैंक/डाकघर/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी। स्वीकृत धनराशि एकमुश्त आहरित न कर आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी।

9. उक्त प्रायोजना की मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व कार्यदायी संस्था/सम्बन्धित डूडा का होगा।

10. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

11. उक्त धनराशि यथासमय सम्बन्धित डूडा इकाई (निर्माण इकाई) को उपलब्ध करा दी जायेगी। उक्त धनराशि सम्बन्धित निर्माण इकाई को अवमुक्त करने से पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि उक्त परियोजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है, जिससे कि शासकीय धन का दुरूपयोग न होने पाये, अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत धनराशि तत्काल राजकोष में जमा कराकर शासन को सुचित किया जायेगा।

12. प्रश्नगत परियोजना से सम्बन्धित कार्यों की द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो, यह सूडा/डूडा द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

13. उक्त धनराशि का आहरण निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्रमुख सचिव/सचिव, विशेष सचिव तथा संयुक्त सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग के प्रतिहस्ताक्षरोपरान्त किया जायेगा।

14. प्रत्येक आहरण की सूचना महालेखाकार (राजकोष), महालेखाकार (लेखा), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को आदेश की प्रति के साथ कोषागार का नाम, बाउचर संख्या, तिथि तथा लेखाशीर्षक की सूचना एक वर्ष के भीतर अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।

15. इस धनराशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में अवश्य करा लिया जाये और इसके बाद उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। निर्धारित अवधि के बाद अनुपयोगित धनराशि, यदि कोई हो तो एकमुश्त शासन को वापस करनी होगी।

क्रमशः..........3

16. सेन्टेज चार्जेज (अधिष्ठान व्यय) की धनराशि वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-ए-2-23/दस-2011-17(4)/75, दिनांक 25.01.2011 में जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के क्रम में सुसंगत लेखा शीर्ष में जमा किया जायेगा।

17. स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष उतनी ही धनराशि आहरित की जायेगी, जितनी 31 मार्च, 2019 तक व्यय हो सके।

18. स्वीकृत धनराशि को व्यय करने से पूर्व परियोजनावार स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष आगणनों में संशोधन सूडा/डूडा द्वारा सुनिश्चित कर लिया जायेगा।

2. उपर्युक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में अनुदान संख्या-37 में योजनान्तर्गत प्रस्तावित बजट में उपलब्ध धनराशि से लेखाशीर्षक **"2217-शहरी विकास-04-गन्दी बस्तियों का विकास-051-निर्माण-04-मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित व मलिन बस्ती विकास योजना-35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान"** के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अशा0 पत्र संख्या-ई-9-528/दस-2018, दिनांक 17 अक्टूबर, 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक - यथोक्त।

भवदीय,

(अनिल कुमार बाजपेयी)
विशेष सचिव।

संख्या-37 /2018/339(1)/69-1-18, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0,20 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, छठवां तल, संगम प्लेस, सिविल लाइन, इलाहाबाद।
4. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, बुलन्दशहर ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0 शासन।
7. नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
8. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9. वित्त नियंत्रक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
10. सहायक वेब मास्टर, सूडा को विभागीय वेब साइड पर अपलोड कराने हेतु।
11. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सहायक/बजट समन्वयक।

आज्ञा से,

(मनिराम सिंह)
संयुक्त सचिव।

**शासनादेश संख्या- 537 /2018/339(1)/69-1-18-18(मु0अ0-37)/2018, दिनांक 25 अक्टूबर, 2018 का संलग्नक**

(धनराशि लाख रू0 में)

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | निकाय/नगर पंचायत का नाम। | बस्ती/वार्ड का नाम/कार्य का विवरण। | परियोजना की कुल लागत। | प्रथम किश्त (50 प्रतिशत) के रूप में स्वीकृति की जाने वाली धनराशि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बुलन्दशहर | न0पा0प0, बुलन्दशहर | वार्ड नं0-24 के मो0, दुर्गापुरम (पन्नी नगर) पार्ट-3 में डेनी चौधरी से मोहित सक्सेना के मकान तक एवं जीतपाल के मकान से मधुबाला के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 46.94 | 23.47 |
| 2 | तदैव | न0पं0, ककोड़ | वार्ड नं0-1 के मो0, तेलियान में बुद्धन सैनी के घर से भीमपाल के मकान तक इन्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 2.92 | 1.46 |
| 3 | तदैव | न0पा0प0 सिकन्दराबाद | वार्ड नं0-21 के मो0, एस0डी0एम0 कालोनी (द्वितीय पार्ट) में शुक्ला जी के घर से जयवीर सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 23.14 | 11.57 |
| 4 | तदैव | न0पा0प0, बुलन्दशहर | वार्ड नं0-24 के मो0, दुर्गापुरम् में दिनेश के मकान से प्रेमवती के मकान तक, प्रेमवती के मकान से मुन्ना लाल के मकान तक, कुलदीप के मकान से अशोक के मकान तक तथा अशोक के मकान से प्रेमवती के मकान तक एवं अन्य गलियों में इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 46.18 | 23.09 |
| 5 | तदैव | न0पा0प0, शिकारपुर | वार्ड नं0-11 के अन्तर्गत शिकारपुर में जहांगीराबाद रोड से मोहल्ला बगीची तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 23.10 | 11.55 |
| 6 | तदैव | न0पा0प0, सिकन्दराबाद | वार्ड नं0-12, 21, 23 आदि के अन्तर्गत ज्ञानलोक कालोनी में सचिन गुप्ता के मकान से श्रीमती सविता शर्मा के मकान तक और सहायक गलियों में व टीचर्स कालोनी में अनिरूद्ध के मकान से भिक्की चौधरी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 9.86 | 4.93 |
| 7 | तदैव | न0पं0, नरौरा | वार्ड नं0 02 के अन्तर्गत मो0 सत्युपरी प्रथम में हरीशचन्द्र के मकान से मेघ सिंह और चन्द्रपाल के घर तक तथा टिंकू के घर से फतहचन्द के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 22.72 | 11.36 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 05 के अन्तर्गत मो0 जीवनपुरी में भयसिंह के मकान से तलब सिंह के मकान तथा कालीचरन के मकान से नन्नू सिंह तथा कुंवरपाल के मकान से बब्बूराम के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 21.94 | 10.97 |
| 9 | तदैव | न0पा0परि0, बुलन्दशहर | वार्ड नं0 24 के अन्तर्गत मो0-अम्बा कालोनी-2(पन्नी नगर) पार्ट-1 में यशोदा के घर से ज्ञानेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 22.22 | 11.11 |
| 10 | तदैव | न0पं0, बी0बी0 नगर | वार्ड नं0 10 के अन्तर्गत स्याना रोड से छिददा सिंह के घर की ओर तक सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 13.66 | 6.83 |
| 11 | तदैव | न0पा0परि, बुलन्दशहर | वार्ड नं0 17 के अन्तर्गत मो0 इन्द्रा कालोनी में सुरेश मिस्त्री के घर से मुन्शी के घर तक तथा चरन सिंह के घर से रूस्तम पाल के घर तक एवं गिनोरा वालों के प्लाट से भूपेन्द्र सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 20.54 | 10.27 |
| 12 | तदैव | न0पं0, ककोड | वार्ड नं0 02 के अन्तर्गत मो0 तेलियान में किशनपाल सैनी के मकान से हेतराम के प्लाट तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 2.70 | 1.35 |
| 13 | तदैव | न0पं0, नरौरा | वार्ड नं0 05 के अन्तर्गत पूर्वी जीवनपुरी में ओमवरी के मकान से पप्पू के मकान तक एवं पप्पू के मकान से तारा सिंह के मकान तक व तारा सिंह के मकान से राकेश के मन्दिर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 12.90 | 6.45 |
| 14 | तदैव | न0पा0परि, सिकन्दराबाद | वार्ड नं0 21 के अन्तर्गत मो0 एस0डी0एम0 कालोनी (प्रथम पार्ट) डिवाईन स्कूल/काकू के घर से यशपाल सोलंकी के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 23.04 | 11.52 |
| 15 | तदैव | न0पा0परि, बुलन्दशहर | वार्ड नं0 24 के अन्तर्गत मो0 दुर्गापुरम (पन्नीनगर) पार्ट-4 में एल0एस0 गली के सामने जीपाल के घर तक व उमेश के घर से मन्दिर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 35.18 | 17.59 |
| 16 | तदैव | न0पं0, ककोड | वार्ड नं0 09 के अन्तर्गत मो0 वैश्यान में कुम्हारों वाली गली अनीश के मकान वाले रास्ते पर इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 4.86 | 2.43 |
| 17 | तदैव | न0पा0परि0, खुरजा | वार्ड नं0 18 के अन्तर्गत मो0 बंर्ज उस्मान सौरतन के मकान से चन्द्रभान, चन्द्रभान से महेश सैनी व हरसरन के घर से शान्ति लाल लक्ष्मण सैनी के घर तक व अन्य गलियों में सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 20.22 | 10.11 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | तदैव | न0पं0, खानपुर | वार्ड नं0 09 के अन्तर्गत मो0 पटवारियान में टीकम सिंह के मकान से मदन के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 9.91 | 4.955 |
| 19 | तदैव | न0पा0प0, अनूपशहर | वार्ड नं0 04 के अन्तर्गत मो0 मदार गेट (प्रथम पाट) में राजकुमार के घर से रविन्द्र बाल्मीकि के घर एवं शिव मछिन तक सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 8.84 | 4.42 |
| 20 | तदैव | न0पा0परि0, सिकन्दराबाद | वार्ड नं0 09 के अन्तर्गत कुम्हारों वाली गली में विजय की नई दुकान से चामड़ माता मन्दिर की ओर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 7.27 | 3.635 |
| 21 | तदैव | न0पा0परि0, खुरजा | वार्ड नं0 06 के अन्तर्गत मो0 मदार दरवाजा में पुरानी तहसील रोड से श्री बूनो भूषण एडवोकेट के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 5.90 | 2.95 |
| 22 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 02 के अनतर्गत मो0 सराय नररूल्ला में रामसिंह फत्तू पहलवान के मकान से मुरारीलाल के मकान तक तथा एस0के0 वर्मा के घर से राजकुमार मिस्त्री के घर तक सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 7.65 | 3.825 |
| 23 | तदैव | न0पं0, बी0बी0 नगर | वार्ड नं0 08 के अन्तर्गत मो0 शीतलहरी ब्रह्म दरवाजा में कुचेसर-स्याना रोड से बुद्ध प्रकाश जी के घर की ओर तक सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 13.24 | 6.62 |
| 24 | तदैव | न0पा0परि, गुलावठी | वार्ड नं0 14 के अनतर्गत मो0 श्यौदत्त-2 जय भगवान सैनी के प्लाट से बाबू सैनी के मकान तक एवं राधे के मकान से सीमा चौधरी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 6.79 | 3.395 |
| 25 | तदैव | न0पं0 ककोड़ | वार्ड नं0 01 के अर्न्तगत मो0 खखरोवान में ब्रह्म सिंह सैनी के प्लान सेराकेश मैम्बर के प्लाट तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 6.40 | 3.20 |
| 26 | तदैव | न0पा0परि0, स्याना | वार्ड नं0 01 के अन्तर्गत मो0 नन्दपुरी में चाऊमीन वाले के मकान से भूप सिंह के प्लाट तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 6.80 | 3.40 |
| 27 | तदैव | न0पा0परि0, खुरजा | वार्ड नं0 01 के अन्तर्गत चित्रकुट कालोनी में सिटी स्टेशन रोड से सालंकी की दुकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 8.27 | 4.135 |
| 28 | तदैव | न0पं0, औरंगाबाद | वार्ड नं0 06 के अन्तर्गत मो0 अजीजाबाद में जहांगीराबाद रोड से राकेश चक्की वाली से एवं सत्संग भवन से होते हुये श्यौराज फौजी के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 15.72 | 7.86 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 29 | तदैव | न0पा0परि, बुलन्दशहर | वार्ड नं0 24 के अन्तर्गत मो0 दुर्गापुरम (पन्नीनगर) पार्ट-1 में खुरजा रोड से जतपाल के घर तक एवं डागुर मार्बल से राशन की दुकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 62.49 | 31.245 |
| 30 | तदैव | न0पा0परि0, जहांगीराबाद | वार्ड नं0 23 के अन्तर्गत मो0 लोधा राजपुतान के मध्य पृथ्वी सिंह के मकान से जत्तू सिंह के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 12.83 | 6.415 |
| 31 | तदैव | न0पं0, खानपुर | वार्ड नं0 12 के अन्तर्गत मो0 बागवाला में दिनेश के मकान से राजू राजेश के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 13.59 | 6.795 |
| 32 | तदैव | न0पा0परि, बुलन्दशहर | वार्ड नं0 21 के अन्तर्गत मो09 देवीपुरा-प्रथम नई आबादी में जुगेन्द्र के घर से पुष्पेन्द्र के घर तक एवं अशोक के घर से सरोज के घर तक व पुष्पेन्द्र के घर से अजय फौजी के घर तक व शर्मा के घर से ममता के घर तक एवं गली छोटन/सोनू के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 25.49 | 12.745 |
| 33 | तदैव | न0पा0परि, अनूपशहर | वार्ड नं0 04 के अन्तर्गत मो0 मदार गेट (द्वितीय पार्ट) में परदादा परदारी शौचालय के गेट से श्री ओम प्रकाश जोशी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 1.44 | 0.72 |
| 34 | तदैव | न0पा0परि, सिकन्द्राबाद | गली नं0 04 टीचर्स कालोनी में अन्जू चौधरी के मकान से प्रमोद जोशी के मकान की ओर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 17.77 | 8.885 |
| 35 | तदैव | न0पं0, औरंगाबाद | वार्ड नं0 13 के अन्तर्गत मो0 सईदगढी में ढाक की मैन रोड से सईदगढी प्राथमिक विद्यालय तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 14.05 | 7.025 |
| 36 | तदैव | न0पं0, नरौरा | वार्ड नं0 01 के अन्तर्गत मो0 बिजाउ नई बस्ती में रामजीलाल से बदन के मकान तक एवं बदन सिंह से विजयपाल के मकान तक व बदन सिंह के मकान से मुकेश के मकान तक एवं राजबाबू के मकान से नरीर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 19.30 | 9.65 |
| 37 | तदैव | न0पा0परि0, खुरजा | वार्ड नं0 12 के अन्तर्गत मो0 नयागंज सिटी स्टेशन रोड अशोक कुमार गुप्ता के घर से जगमोहन लाल के मकान एवं सवारान पुलिस चौकी तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 6.76 | 3.38 |
| 38 | तदैव | न0पा0परि0, शिकारपुर | वार्ड नं0 13 के अन्तर्गत बुलन्दशहर डिबाई रोड पर ठाकुरदास की दुकान से मनवीर सिंह प्रधान के मकान वाली गली होते हुये और गुड्डु वाली गली से होते हुये अनूप शहर रोड तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 12.62 | 6.31 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 39 | तदैव | न0पं0, नरौरा | वार्ड नं0 09 के अन्तर्गत मो0 सत्यपुरी द्वितीय में हरीशचन्द्र के मकान से भीमसेन के मकान तक एवं राजू के मकान से नारायण दत्त के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 16.67 | 8.335 |
| 40 | तदैव | न0पा0प0, अनूपशहर | वार्ड नं0 19 के अन्तर्गत मो0 अहार गेट में दयानन्द सेनी के मकान से स्ड़क तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 8.63 | 4.315 |
| 41 | तदैव | न0पा0परि0, बुलन्दशहर | वार्ड नं0 24 के अन्तर्गत मो0 कृपाल आश्रम (पन्नीनगर) में खुरजा मैन रोड से आश्रम तक एवं आश्रम से नेत्रपाल के घर तक व नेत्रपाल के घर से ईश्वर के घर तक व नेत्रपाल के घर से ईश्वर के घर तक एवं ईश्वर के घर से मैन रोड तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 29.67 | 14.835 |
| 42 | तदैव | न0पं0, औरंगाबाद | वार्ड नं0 13 के अन्तर्गत मो0 सिप्टेनगढी में रामभूल के मकान से सीताराम के मकान से होते हुये विनोद के मकान तक एवं रामपाल सिंह के घर से भान स्वरूप के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 7.66 | 3.83 |
| 43 | तदैव | न0पा0परि, जहांगीराबाद | वार्ड नं0 24 के अन्तर्गत मो0 किला में ज्ञानी शर्मा के घर से जयपाल सिंह के घर तक एवं जयपाल सिंह के घर से चिम्मनलाल शर्मा के घर तक व चिम्मनलाल के घर से मनोहर लाल शर्मा के घर तक एवं मनोहर लाल के यहां से मनोज चौधरी के यहां तक एवं मनोज हलवाई के यहां से टीटू के घर तक सी0सी0 रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 6.84 | 3.42 |
| 44 | तदैव | न0पा0परि, खुरजा | वार्ड नं0 11 के अन्तर्गत मो0 मुरारी नगर में (पार्ट-2) मनोज चौधरी के मकान से रामा के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 9.60 | 4.80 |
| 45 | तदैव | न0पा0परि, जहांगीराबाद | वार्ड नं0 15 के अन्तर्गत मो0 छेपियान में कोल्ड स्टोर के पीछे लखपत सिंह के घर से सुरेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 3.15 | 1.575 |
| 46 | तदैव | न0पा0परि, जहांगीराबाद | वार्ड नं0 04 के अन्तर्गत मो0 मैनरान, जाटयान में सूखा अहेरिया के मकान से राधेश्याम पण्डित जी के चक्की के घर तक सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 7.79 | 3.895 |
| 47 | तदैव | न0पा0परि, अनूप शहर | वार्ड नं0 10 के अन्तर्गत मो0 मोरी गेट में डा0 जयप्रकाश के मकान से जगत सिंह दरोगा जी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 4.83 | 2.415 |
| 48 | तदैव | न0पा0परि, सिकन्द्राबाद | वार्ड नं0 21 के अन्तर्गत मो0 एस0डी0एम0 कालोनी (तृतीय पार्ट) जयवीर सिंह के घर से नोदेवी मन्दिर | 23.26 | 11.63 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | (तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | | |
| 49 | तदैव | न0पं0, बी0बी0 नगर | वार्ड नं0 06 के अन्तर्गत ओमी के घर से मालियान वाले शिव मन्दिर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 5.02 | 2.51 |
| 50 | तदैव | न0पा0परि, जहांगीराबाद | वार्ड नं0 22 के अन्तर्गत मो0 गायत्री नगर में गायत्री मन्दिर से नेक सिंह के मकान तक सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 13.10 | 6.55 |
| 51 | तदैव | न0पं0, नरौरा | वार्ड नं0 01 के अन्तर्गत मो0 बिजाउ नई बस्ती (पार्ट-2) में मोहर सिंह के मकान से राधेश्याम के मकान तक एवं जयपाल के मकान से सूरज सिंह के मकान तक व यशपाल के मकान से भीमप्रकाश के मकान तक एवं भीमप्रकाश के मकान से रामप्रसाद के मकान तक व मन्दिर वाली गली एवं विनोद के मकान से चन्द्रपाल के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 22.26 | 11.13 |
| 52 | तदैव | न0पा0परि0, खुरजा | वार्ड नं0 11 के अन्तर्गत मो0 मुरारी नगर में आशु के मकान से मनीष के मकान तक एवं आर0के0 पुरम जी0टी0 रोड से प्रवीण के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 23.50 | 11.75 |
| 53 | तदैव | न0पं0, नरौरा | वार्ड नं0 01 के अन्तर्गत मो0 गंगाधाम में बिजाउ बस्ती के मैन रास्ते से पोखर तक एवं सैयद बाबा से रामरक्षपाल के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 15.16 | 7.58 |
| 54 | तदैव | न0पा0परि, बुलन्दशहर | वार्ड नं0 17 के अन्तर्गत मो0 इन्द्रा कालोनी में रूस्तमपाल सिंह के घर से प्रवीण के घर तक, विक्रम सिंह के घर से रविन्द्र सिंह के घर तक, रविन्द्र सिंह के घर से सुरेश फौजी के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 23.95 | 11.975 |
| 55 | तदैव | न0पा0परि, शिकारपुर | वार्ड नं0 11 के अन्तर्गत मो0 बगीची में खर्गी के मकान से नन्हे सिंह लोधी के मकान की ओर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 9.84 | 4.92 |
| 56 | तदैव | न0पा0प0, जहांगीराबाद | वार्ड नं0 18 के अन्तर्गत बहाना नम्बरदार के घर से सुखपाल के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 5.97 | 2.985 |
| योग | | | | 872.15 | 436.075 |

**(रूपये चार करोड़ छत्तीस लाख सात हजार पांच सौ मात्र)।**

(मनिराम सिंह)
संयुक्त सचिव।

602.87